दैनिक स्वदेश, भोपाल

8 JAN 2021

मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न, 350 प्रतिभागियों ने की सहभागिता

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय, भोपाल में 'मेंटल हेल्थ इश्यूज एण्ड साइकोलॉजिकल फैक्टर्स इन एथलीट्स' पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में निदेशक आईक्यूएसी एलएनआईपीई, ग्वालियर प्रो. जयश्री आचार्य ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने इसे नजरअंदाज करने से कैसे बचा जाये, इस पर विस्तृत चर्चा की। वेबिनार में प्राध्यापक किंग फहद विश्वविद्यालय, सऊदी अरब के प्रो. डॉ. वर्गीस सी. एंथोनी ने कोविड महामारी के दौरान स्वस्थ रहने के संबंध में मार्गदर्शन



दिया। प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. रीता वेणुगोपाल ने खेल के माध्यम से महिलाओं और युवतियों को प्रोत्साहित करने एवं सशक्त बनाने के लिये जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कोविड-19 की स्थिति में महिलाओं के लिये जरूरी व्यायाम के बारे में जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कल्पना झा ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. राजीव चौबे ने आईक्यूएसी एवं नेक के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

Scanned with CamScanner